Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17– वि0 सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019.........150.........

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा।
समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
बांका।

पटना, दिनांक : 19-01-2021

विषय :– जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–13.01.2021 को हुई विशेष सर्वेक्षण की समीक्षात्मक बैठक में निदेश दिया गया कि बंदोबस्त पदाधिकारियों द्वारा जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा पाक्षिक रूप से की जाए और प्रत्येक माह के दोनों पक्ष में होने वाले बैठकों के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण बिन्दु निदेशालय स्तर से बन्दोबस्त पदाधिकारियों को संसूचित किया जाए।

उक्त निदेश के आलोक में राज्य स्तरीय बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा के लिए निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर जिला स्तरीय समीक्षात्मक पाक्षिक बैठकों में अन्य विषयों के अतिरिक्त निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा किया जाना हैः–

1. विशेष सर्वेक्षण शिविरों में भवन एवं संसाधनों के उपलब्धता की स्थिति।
2. विशेष सर्वेक्षण कर्मियों (अमीन, कानूनगो एवं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी) के लिए आवश्यक सामग्रियों के क्रय एवं उपलब्धता की स्थिति।
3. जिले में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कार्यालय, कर्मी एवं संसाधन तथा आर्थो फोटोग्राफ उपलब्ध कराए जाने एवं विगत सर्वेक्षण एवं विशेष सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामों के रकबा उपलब्ध कराए जाने की स्थिति।
4. विगत सर्वेक्षणों (सी0एस0, आर0एस0 एवं चकबंदी) के मानचित्रों की आवश्यकतानुसार उपलब्धता की स्थिति। कुल कितने ग्रामों का मानचित्र / खतियान अनुपलब्ध है।
5. अनुपलब्ध मानचित्रों की उपलब्धता के लिए किए जाने वाले प्रयास एवं विगत एवं वर्त्तमान पक्ष में उपलब्ध कराए गए मानचित्र एवं खतियान की उपलब्धता।
6. जिला एवं शिविर स्तर पर विशेष सर्वेक्षण की जन–जागरूकता की स्थिति कितने स्थानों पर होर्डिंग बैनर लगाए जाए, कितने दिन माइकिंग किया गया एवं कितने स्थानों पर दिवाल लेखन का कार्य किया गया।
7. शिविरवार ग्रामों में ग्रामवार रैयतों से प्राप्त किए गए स्वघोषणा एवं वंशावली की समीक्षा।

8. भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–2 एवं 3(1) के संधारण की समीक्षा।
9. ग्राम सीमा सत्यापन की समीक्षा विगत एवं वर्तमान पक्ष में ग्राम सीमा सत्यापन पूर्ण ग्रामों की संख्या।
10. शिविरवार ग्रामों में किस्तवार की प्रक्रिया में खेसरों की क्रमांकण पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या।
11. खेसरा पंजी (प्रपत्र–6) का संधारण एवं संधारण खेसरा पंजी का भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में संधारण की समीक्षा।
12. खानापुरी पश्चात खानापुरी पर्चा (प्रपत्र–7) एवं एल0पी0एम0 के वितरण की स्थिति।
13. खानापुरी पर्चा के विरूद्ध शिविर/ग्रामवार प्राप्त आपत्तियों की संख्या एवं उनके निष्पादन की स्थिति।

अतः अनुरोध है कि जिला स्तरीय विशेष सर्वेक्षण के पाक्षिक समीक्षात्मक बैठकों में अन्य बिन्दुओं के अतिरिक्त उपरोक्त वर्णित बिन्दुओं को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 19/1/21
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17– वि0 सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019....150....... **पटना, दिनांकः–** 19-01-2021

प्रतिलिपि :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17– वि0 सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019.......150........ **पटना, दिनांकः–** 19-01-2021

प्रतिलिपि :–अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 19/1/21